SESAME WORKSHOP India

# बिजली की कहानी



प्रिय अभिभावक,

प्रत्येक जानवर की अपनी कुछ विशेषताएं होती हैं जो उन्हें खास बनाती हैं।
जब बच्चे शरीर के अंगों के अलग–अलग सेट की कल्पना करते हैं तो वे इसके उद्देश्य समझने लगते हैं।
आप बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने की आदत डाल सकते हैं।

इसके निम्नलिखित उपाय हैं:

परिकल्पना करो: क्या ऐसा कोई जानवर हो सकता है?

सवाल पूछो: यह कैसा दिखता है?
इसका क्या नाम है? यह कैसे चलेगा?
क्या खाएगा? क्या करेगा?

तर्क करो: आपने ऐसा क्यों कहा?
आप ऐसा क्यों सोचते हैं?

सबसे सही जवाब ढूंढो: हमने कौन–सा जानवर बनाया है?

कल्पना की उड़ान भरो: क्या हम इस जानवर के बारे में एक कहानी बुन सकते हैं?

समय के साथ बच्चे यह भी समझने लगेंगे कि कैसे एक जानवर का विकास दूसरे से हुआ जैसे 'क्या बहुत पहले आदमी भी बंदरों जैसे थे?'

इस विचार का आनंद लें।

चमकी को एक विचार आया।
वाकई अजीबोगरीब विचार था!
हम एक ऐसे जानवर को बनाएं
जो आश्चर्यजनक रूप से विचित्र और मजेदार हो।



आंछू ने कहा,
''मैंने पहले ऐसा कभी नहीं किया।
कितना मजेदार है यह!
अब मैं बिल्कुल इंतजार नहीं कर सकता।''



चमकी ने शेर का शरीर लगाया
और गरदन लगाई एक जिराफ की।
यह जानवर तो हाई–टेक दिखने लगा है!



अब चमकी ने हाथी की टांगों
को कछुए की पीठ से जोड़ दिया।
जानवर के मुंह से कैसी आवाज आईः
''प्लैक, ग्लैक, म्लैक, फ्लैक?''




आंछू ने कहा आओ हम कल्पना करें।
क्या यह जानवर जिंदा रहेगा?
चमकी ने कहा, ''अरे हम सही सवाल पूछें।
हम कई समाधान निकाल सकते हैं।''



हम इसे क्या कहेंगे?
कचगिराथी या हाथीगिरकच
या महज बिजली।



यह कैसे चलेगा?
यह हाथी की तरह लहराएगा,
मस्त और धीरे–धीरे।
नीचे देखते समय अपने सिर को
ऊपर–नीचे हिलाता रहेगा।




यह क्या खाएगा?
बड़े–बड़े पेड़ों की हरी–हरी पत्तियां।
मुझे नहीं लगता यह कीड़ों–मकोड़ों
और मधुमक्खियों को खाएगा।



यह क्या करेगा?
अपनी लंबी गरदन से
यह दूर–दूर तक देख सकेगा।
दिन का कुछ समय पानी में बैठा रहेगा।




यह कहां रहेगा?
कछुए की तरह यह चारदीवारी के अंदर
या फिर बाहर रहेगा ताकि अपने भारी पांवों,
लंबी गरदन और छोटे चेहरे को हिला सके।



कहानी क्या कहती है?
हाथीगिरशेरकच जंगल में लगी आग
से रखवाली करता था।
अपनी लंबी गरदन से
यह दूर उठती लपटों को देख सकता था।



मजबूत और भारी पांव से
यह आग को कुचल सकता था।
और आग बुझाने के बाद
यह दिन भर तालाब में लेटा रहता था।



चमकी ने आंछू के साथ मिल कर
जानवरों की एक नई दुनिया बना ली है।
क्या आप भी कोई अद्भुत जानवर
और एक कहानी बना सकते हैं?



हिन्दी



SESAME WORKSHOP India

www.sesameworkshopindia.org

SESAME STREET, SESAME STREET street sign, GALLI GALLI SIM SIM, design, associated characters, trademarks and design elements are trademarks owned and licensed by Sesame Workshop IUSAJ. ©2020 Sesame Workshop. All rights reserved including rights of reproduction in whole, in part or in any form.

